छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

क्र/एफ 13–5/2016/20–तीन (1) नया रायपुर, दिनांक 30/03/2016

प्रति,

कलेक्टर,
जिला– बलौदाबाजार, बलरामपुर, बस्तर, बेमेतरा, बिलासपुर, गरियाबंद जांजगीर–चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोण्डागांव, कोरबा, कोरिया, मुंगेली रायगढ़, सूरजपरु, सरगुजा

विषयः–59 मॉड़ल स्कूल का संचालन पीपीपी मोड पर कराया जाना।

——0——

भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा छ.ग. राज्य में शैक्षणिक रूप से पिछड़े 74 विकासखण्डों में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने हेतु राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के अंतर्गत मॉडल स्कूल की स्थापना की गई है। मई 2015 से मॉडल स्कूल का हस्तांतरण पूर्ण रूप से राज्य शासन को कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के 59 मॉडल स्कूलों का संचालन कॉमर्सियल आधार पर किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। इन 59 विद्यालयों की सूची इस पत्र के साथ संलग्न है। इनका संचालन डीएव्ही कॉलेज मैनेजिंग कमिटी, चित्रगुप्त रोड, पहाड़गंज, नई दिल्ली संस्था द्वारा किया जाएगा। संस्था से किया गया अनुबंध की छायाप्रति पृथक से प्रेषित की जा रही है।

**संचालन के मुख्य बिन्दु :–**

**(क) भवन –**

1. अप्रैल 2016 से सभी विद्यालयों का भवन, मैदान एवं सामग्री संबंधित संस्था को 30 वर्ष की अवधि के लिए उपयोग हेतु उनको Usage Rights (उपयोग का अधिकार) अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा। इस हेतु एक स्थानीय अनुबंध निष्पादित किया जाएगा, जिसका मूल्य रू. 100 प्रति शाला के हिसाब से होगा। प्रत्येक शाला हेतु पृथक अनुबंध होगा। इस हेतु तत्काल कार्यवाही करें/ निर्देश जारी करें।
2. विद्यालय एवं मैदान का स्वामित्व छ.ग.शासन के पास ही रहेगा।
3. सभी विद्यालय "जहां है, जैसे हैं" के आधार पर उन्हें संचालन हेतु उपलब्ध होंगे।
4. विद्यालय में लगने वाला अतिरिक्त फर्नीचर एवं सामग्री हेतु एकमुश्त अनुदान स्कूल शिक्षा विभाग एवं अनुबंधकर्ता के संयुक्त निरीक्षण पश्चात् जारी की जा सकेगी।
5. विद्यालय भवन के मरम्मत एवं रखरखाव की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अनुबंधकर्ता की रहेगी।
6. अनुबंधित अवधि समाप्त होने पर निजी संस्था द्वारा सभी अचल संपत्ति तथा शासकीय प्रदत्त चल संपत्ति को छोड़कर उनके द्वारा लायी गई चल संपत्ति को ले जाने की अनुमति भौतिक सत्यापन पश्चात दी जा सकती है।
7. संस्था भवन एवं अचल संपत्ति को उसी स्थिति में वापस करेगा जिस स्थिति में उसे दिया गया है।

(ख) अध्यापन –

1. शाला का सम्पूर्ण संचालन उक्त संस्था द्वारा किया जाएगा। इसमें अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त प्रबंधकीय एवं गैर शैक्षकीय गतिविधियां भी उनके दायित्व में रहेगा।
2. शाला का कक्षा 1ली से 12वीं तक निजी संस्था के माध्यम से संचालन होगा।
3. इन विद्यालयों में दिनांक 01 अप्रैल 2016 से शासन की ओर से कोई भी अतिथि शिक्षक कार्यरत नही होगे और न ही पदांकित होंगे।
4. संस्था द्वारा दो पालियों में सुविधानुसार कक्षा का संचालन किया जा सकता है।
5. इन विद्यालयों में अध्यापन कार्य अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित होगी।
6. किसी भी कक्षा में विद्यार्थियों की अधिकतम संख्या 90 होगी। प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम 02 सेक्शन होंगे।
7. स्कूल शिक्षा विभाग की पूर्व अनुमति से दो से ज्यादा सेक्शन भी किसी कक्षा के लिए खोला जा सकता है।
8. विद्यालयों का संचालन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्राप्ति के सिद्धान्तों पर आधारित होगा।
9. जिन विद्यालयों की मान्यता सीबीएसई से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली जा चुकी है वह अनुबंधकर्ता को हस्तांतरित हो जाएगी। नयी मान्यता तथा हस्तानान्तरण हेतु होने वाला व्यय अनुबंधकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

**(ग) वित्तीय प्रबंधन –**

1. इन 59 विद्यालयों में वर्तमान में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए संस्था को राज्य शासन द्वारा आगामी आदेश पर्यन्त रू. 7216 प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष प्रदाय किया जाएगा।
2. संस्था स्वयं के साधन से शाला संचालित करेगा, इस हेतु वह स्थानीय तौर शासकीय कोटे एवं RTE कोटे को छोड़कर, अन्य विद्यार्थियों से Fees प्राप्त कर सकता है।
3. अनुबंधकर्ता द्वारा विद्यालयों का संचालन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्राप्ति के सिद्धान्तों पर किया जाएगा, इसके लिए 04 सूचकांक तय किए गए है, जिसमें कमी पाये जाने पर अनुबंधकर्ता को होने वाले भुगतान में कटौती की जा सकेगी। सुलभ संदर्भ हेतु अनुबंध के नियम – 19 में विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध है। यह सूचकांक होंगे–
    1. 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या,
    2. निजी तथा शासकीय विद्यार्थियों के मध्य उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की तुलना,
    3. ड्राप आउट अनुपात, एवं
    4. कक्षा 6वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों द्वारा सीसीई में प्राप्त ग्रेड।

**(घ) दाखिला–**

1. इन विद्यालयों में दाखिला शासकीय कोटा एवं RTE कोटे को छोड़कर, संस्था द्वारा किया जाएगा।

2. कक्षा 6वी अथवा आगे की कक्षाओ मे कोई भी नया दाखिला कलेक्टर द्वारा / जिला स्तर पर नही किया जाएगा।
3. अनुबंध के अनुसार संस्था इन विद्यालयों मे रिक्त सीटों पर खुली प्रवेश नियम से सीट भरने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। सभी कक्षाओं मे कुल निर्धारित सीट का 08 प्रतिशत् सीट निःशुल्क होंगे तथा 25 प्रतिशत् सीट RTE Norms के आधार पर भरे जाएंगे। इस प्रकार दो सेक्शन मानते हुए, प्रत्येक कक्षा में कुल स्वीकृत अधिकतम 90 सीट में से 7 सीट निःशुल्क शासकीय कोटा एवं 23 सीट शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दाखिला दे सकते हैं।
4. इनमें से 25 प्रतिशत् ऐसे विद्यार्थी जिनका नामांकन आरटीई नार्मस के आधार पर किया गया है, उनके फीस की प्रतिपूर्ति शासन द्वारा किया जाएगा एवं 8 प्रतिशत् निःशुल्क शासकीय कोटे के विद्यार्थियों को संबंधित संस्था कक्षा पहली से बारहवीं तक पूर्णतः निःशुल्क अध्ययन–अध्यापन कराया जाएगा।
5. इस 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा वाले विद्यार्थियों का चयन कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा किया जायेगा। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे।
6. संस्था द्वारा कक्षा 1ली से 6वीं तक का नामांकन (दाखिला) इस वर्ष किया जा सकेगा। कक्षा 7वीं से 12वीं तक अध्ययनरत् विद्यार्थियों के अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में सीट रिक्त होने पर निजी संस्था खुले प्रवेश नियम के तहत् सीट भरने के लिए स्वतंत्र होगा, जिनका फीस निजी संस्था ले सकेगी। परंतु कक्षावार कुल स्वीकृत सीट संख्या से अधिक की दाखिला बिना विभागीय पूर्व अनुमति के नही किया जा सकेगा।
7. वर्तमान नामांकित विद्यार्थी जब तक 12वीं उत्तीर्ण नहीं होते हैं तबतक उन्हें पढ़ाने एवं उत्तीर्ण करने की जिम्मेदारी निजी संस्था की होगी।

**(च) अन्य निर्देश –**

1. चूंकि शाला संस्था द्वारा संचालित किया जाएगा, अतः उसकी मान्यता, आदि हेतु शर्तो का पालन तथा आवश्यकतानुसार मान्यता हेतु अर्हता पूर्ण करने की जिम्मेदारी उक्त संस्था की रहेगी।
2. सभी विद्यालयों का संचालन शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा, जिसका अध्यक्ष संस्था द्वारा नामांकित व्यक्ति होगा, एवं जिसका उपाध्यक्ष कलेक्टर द्वारा नामांकित जिले का राजपत्रित अधिकारी होगा। इस शाला प्रबंधन समिति में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण अनिवार्यतः सदस्य होंगे।
3. प्रत्येक विद्यालय को ''विद्यार्थियों का लैंगिक अपराध एक्ट 2012'' का पालन करना अनिवार्य होगा।
4. संस्था द्वारा किसी भी प्रकार के अनुबंध की उल्लंघन एवं नियमों का उल्लंघन करने पर शासन द्वारा ग्रेडेड पैनल्टी एवं टर्मिनेशन का भी प्रावधान रखा गया है, जिसका उल्लेख Concessionnaire Agreement में है।

# कार्यालय कलेक्टर ,बिलासपुर (छ.ग.)

दूरभाष – 07752 405454

ईमेल rmsa.bilaspur@gmail.com

135/आरएमएसए/मॉडल स्कूल/2016–17 बिलासपुर दिनांक 26.05.201

## //आदेश//

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 59 मॉडल स्कूलों का संचालन ...क प्राईवेट पार्टनरशिप के तहत किया जाना है, इस हेतु संचालक लोक शिक्षण रायपुर एवं डी.ए. ...कालेज मेनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के मध्य अनुबंध किया गया है। अनुबंध की धारा 21.1.2 के ...ार अनुबंधकर्ता और प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नामांकित अधिकारी के संयुक्त टीम द्वारा शालावार ...त सामाग्रियों का जॉच व ऑकलन किया जाएगा । जिले के 07 मॉडल स्कूलों हेतु नियमानुसार ... समिति गठित की जाती है, जॉच समिति के सदस्य डी.ए.व्ही. संस्था के प्रतिनिधि के साथ संयुक्त ...य करते हुए शालावार सामाग्री का आकलन कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

| स.क. | विकासखंड | मॉडल स्कूल का नाम | प्रभारी अधिकारी | सदस्यों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिल्हा | मॉडल स्कूल गोढी | अनुविभागीय अधिकारी बिल्हा | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल गोढी |
| 2. | कोटा | मॉडल स्कूल गोबरीपाट | अनुविभागीय अधिकारी कोटा | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल गोबरीपाट |
| 3. | तखतपुर | मॉडल स्कूल देवरीखुर्द | अनुविभागीय अधिकारी कोटा | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल देवरीखुर्द |
| 4. | मस्तूरी | मॉडल स्कूल वेदपरसदा | अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल वेदपरसदा |
| 5. | पेण्ड्रा | मॉडल स्कूल कुड़कूई | अनुविभागीय अधिकारी पेण्ड्रारोड | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल कुड़कई |
| 6. | गौरेला | मॉडल स्कूल सारबहरा | अनुविभागीय अधिकारी पेण्ड्रारोड | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल सारबहरा |
| 7. | मरवाही | मॉडल स्कूल कुम्हारी | अनुविभागीय अधिकारी पेण्ड्रारोड | सहा.जि.परि.अधि.रा.मा.शि.मि.<br>प्राचार्य मॉडल स्कूल कुम्हारी |

(हस्ताक्षर) 25/05/16
कलेक्टर
बिलासपुर छ.ग.

पृ.क्रमांक/136/आरएमएसएम/मॉडल स्कूल/2016–17 बिलासपुर दिनांक 26.05.20

प्रतिलिपि:–

1. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को सूचनार्थ।
2. जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर समन्वय कर जांच तिथि निर्धारित करें एवं कार्य पूर्ण करावें।
3. संबंधित प्राचार्य मॉडल स्कूल .......................... बिलासपुर को पालनार्थ।
4. क्षेत्रीय सहायक संचालक डी.ए.व्ही. मेनेजिंग कमेटी भिलाई को सूचनार्थ ।
5. प्राचार्य डी.ए.व्ही. बसंत विहार बिलासपुर को सूचनार्थ।
6. प्राचार्य डी.ए.व्ही. कुसमुंडा जिला कोरबा को सूचनार्थ।

(हस्ताक्षर)
कलेक्टर
बिलासपुर छ.ग.

## 59 मॉडल स्कूल

| क. | जिला | विकासखंड | मॉडल स्कूल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | बलौदाबाजार ✓ | बिलाईगढ़ | खम्हरिया / Khamaria |
| 2 | बलौदाबाजार | कसडोल | छरछेद / Chhanched |
| 3 | बलौदाबाजार ✓ | बलौदाबाजार | सकरी / Sakri |
| 4 | बलौदाबाजार ✓ | भाटापारा | टिकुलिया / Tikulia |
| 5 | बलरामपुर | रामचंद्रपुर | भवरपाल |
| 6 | बलरामपुर | वाड्रफनगर | प्रेमनगर |
| 7 | बलरामपुर | राजपुर | पतरातु |
| 8 | बस्तर | बस्तर | करमरी |
| 9 | बस्तर | जगदलपुर | आड़ावाल |
| 10 | बस्तर | तोकापाल | सिंघनपुर |
| 11 | बस्तर | दरभा | गुमदपाल(छिंदावाडा) |
| 12 | बस्तर | लोहानडीगुडा | लम्दागुडा |
| 13 | बस्तर | बस्तनार | लालागुड़ा |
| 14 | बस्तर | बकावंद | उल्नार |
| 15 | बेमेतरा ✓ | बेमेतरा | जांता |
| 16 | बिलासपुर | बिल्हा | गोढ़ी |
| 17 | बिलासपुर | गौरेला | सरबहरा |
| 18 | बिलासपुर | कोटा | गोबरीपाट |
| 19 | बिलासपुर | मरवाही | कुम्हारी |
| 20 | बिलासपुर | मस्तुरी | वेदपरसदा |
| 21 | बिलासपुर | पेण्ड्रा | कुडकई Kudkai |
| 22 | बिलासपुर | तखतपुर | देवरी खुर्द |
| 23 | गरियाबंद | देवभोग | मुंगझर |
| 24 | गरियाबंद | मैनपुर | देहारगुडा |
| 25 | जांजगीर–चांपा | पामगढ़ | कुत्राबोड़ ✓ Kutrabod |
| 26 | जशपुर | बगीच्चा | बगीचा |
| 27 | जशपुर | कांसाबेल | कांसाबेल |
| 28 | जशपुर | पत्थलगांव | पंडरी पानी |
| 29 | कबीरधाम ✓ | कवर्धा | धरमपुरा |
| 30 | कबीरधाम ✓ | पंडरिया | लडुवा |
| 31 | कोंडागांव | कोंड़ागांव | देव खरगांव |
| 32 | कोंडागांव | माकड़ी | बेलगांव |
| 33 | कोंडागांव | फरसगांव | बडे डोंगर |
| 34 | कोंडागांव | बडेराजपुर | विश्रामपुरी (होनावण्डी) |
| 35 | कोंडागांव | केशकाल | गरकागुडरेपारा |
| 36 | कोरबा | कोरबा | खरमोरा / Kharmora |
| 37 | कोरबा + | करतला | बड़मार / Badmar |
| 38 | कोरबा | कटघोरा | जेन्जरा / Jenjra |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 39 | कोरबा | पाली | रैला Saila |
| 40 | कोरबा | पौंड़ी उपरोड़ा | डोंगरतराई(भांवर) Dongartarai |
| 41 | कोरिया | खड़गवान | राकरिया |
| 42 | कोरिया | मनेन्द्रगढ़ | कछौद |
| 43 | कोरिया | भरतपुर | जनकपुर |
| 44 | मुंगेली | मुंगेली | बीरगांव फुलवारी Birgaon |
| 45 | मुंगेली | पथरिया | जरेली (पेण्ड्री) Joreli |
| 46 | मुंगेली | लोरमी | कोतरी Kotri |
| 47 | रायगढ़ | लैलुंगा | कुन्जारा Konjara |
| 48 | रायगढ़ | धरमजयगढ़ | धरमजयगढ़ |
| 49 | सरगुजा | मैनपाट | नर्मदापुर |
| 50 | सरगुजा | लखनपुर | केवडी |
| 51 | सरगुजा | बतौली | भटको |
| 52 | सरगुजा | लुन्ड्रा | कडकी |
| 53 | रारगुजा | सीतापुर | प्रतापगढ़ |
| 54 | सरगुजा | अम्बिकापुर | परसा |
| 55 | सरगुजा | उदयपुर | सन्नीबर्रा |
| 56 | सूरजपुर | भैंयाथान | जामडी |
| 57 | सूरजपुर | प्रतापपुर | कनकनगर |
| 58 | सूरजपुर | ओडगी | कलामंजन |
| 59 | सूरजपुर | सूरजपुर | तिल्सिवां |

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
स्कूल शिक्षा विभाग
मंत्रालय, रायपुर